(iii) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग) की "अनुदान मांगों (209-20)" पर तीसरा प्रतिवेदन; और

(iv) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी (पशुपालन और डेयरी विभाग) मंत्रालय की "अनुदान मांगों (209-20)" पर चौथा प्रतिवेदन।

---

## STATEMENT OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE

**श्री कैलाश सोनी** (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की "अनुदान मांगों (2016-17)" पर तेईसवें प्रतिवेदन (सोलहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समुक्तियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में इकतीसवें प्रतिवेदन पर सरकार द्वारा आगे की गई कार्रवाई को दर्शाने वाले विभाग संबंधित कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति के विवरण की एक प्रति (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं।

**श्री सभापति** : मैं जानना चाहता हूं कि प्रतिवेदन और वक्तव्य में क्या कुछ फर्क होता है? पहले वाला प्रतिवेदन था और दूसरे वाला 'Statement of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Agriculture' था। यहां हिन्दी का विद्वान कौन है? प्रतिवेदन और वक्तव्य में क्या फर्क है? डा. सत्यनारायण जटिया जी, आप बताएं।

**डा. सत्यनारायण जटिया** (मध्य प्रदेश): सर, प्रतिवेदन का अर्थ Report है और वक्तव्य का अर्थ Statement है।

**श्री सभापति**: ठीक है। कैलाश सोनी जी, आपने पहले प्रतिवेदन और उसके बाद वक्तव्य, दोनों पढ़ दिए हैं न?

**श्री कैलाश सोनी**: जी हां, सर।

---

## REPORT OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON RAILWAYS

**सुश्री सरोज पाण्डेय** (छत्तीसगढ़): महोदय, मैं "भारतीय रेल में पुलों का अनुरक्षण: एक समीक्षा" विषय पर विभाग संबंधित रेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के तेईसवें प्रतिवेदन (सोलहवी लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/समुक्तियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में उक्त समिति (2019-20) (सत्रहवी लोक सभा) के पहले प्रतिवेदन की एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखती हूँ।

---